पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊः 13 फरवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज उत्तर प्रदेश की पूर्व राज्यपाल सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर सरोजिनी नायडू पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूर्व राज्यपाल सरोजिनी नायडू की प्रतिमा एवं पार्क का उचित रखरखाव हो। राज्यपाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि सरोजिनी नायडू उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल थीं तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष थी। श्रीमती नायडू ने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभायी तथा वे एक अच्छी कवयित्री भी थी। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी, 1879 को श्रीमती नायडू का जन्म हैदराबाद में हुआ था।

अंजुम/ललित/राजभवन (62/15)